राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश के निधि लेखों का निरीक्षण एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 09/2017 से 03/2024

भाग–एक

1 **प्रारम्भिक :–**

(क) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अध्यादेश के नियम 42.1 में वर्णित हिमाचल प्रदेश राजकीय महाविद्यालयों की छात्र निवधयों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग के द्वारा किए जाने के दृष्टिगत राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड– 173022 के अवधि 09/2017 से 03/2024 तक के छात्र निधि लेखों का अंकेक्षण कार्य निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय में निम्न विवरणानुसार प्राचार्यों ने आहरण एवं वितरण अधिकारी के रूप में कार्य किया–

क्र॰ सं॰	प्रधानाचार्य एवं आहरण वितरण अधिकारी का नाम	अवधि
1.	डा० दिनेश कुमार भारद्वाज (अतिरितक्त प्रभार)	26/09/2017 से 31/05/2022
2.	श्रीमति नीलम कुमारी, सहायक प्राध्यापक	01/06/2022 से 10/02/2024
3.	डा० पवन कुमार	10/02/2024 से 31/03/2024

(ख) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

कार्यालय द्वारा अंकेक्षण को प्रस्तुत सूचना अनुसार राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय का यह प्रथम अंकेक्षण है।

(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार

राजकीय महाविद्यालय **श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश** के अवधि 09/2017 से 03/2024 तक के छात्र निधि लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

क्र0 सं0	पैरा सं0	अनियमितता का संक्षिप्त सार	राशि (₹ लाखों में)
1	8	छात्रों से प्राप्त आय "विश्वविद्यालय निधि" का हि.प्र. विश्वविद्यालय के साथ समायोजिन न करना	₹1.86
2	10	निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं उचित प्रकार से पूर्ण किए बिना सामग्री का क्रय करना	₹0.54
3	11	नियमानुसार निविदाएं एकत्र न करके किया गया अनियमित व्यय	₹0.13

भाग–दो

2 वर्तमान अंकेक्षणः–

राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर के छात्र निधि लेखों अवधि 09/2017 से 03/2024 तक का अंकेक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिये गये हैं श्री तरूण सैनी, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 13/05/2024 से 05/06/2024 तक के दौरान महाविद्यालय के कार्यालय में किया गया। लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में वर्णित अभिलेखों के अतिरिक्त समस्त अभिलेख अंकेक्षण के दौरान प्रस्तुत किये गये। आय व व्यय की विस्तृत जांच हेतु चयनित मास निम्न प्रकार से है :–

वर्श	चयनित माह (आय)	चयनित माह (व्यय)
2017–18	–	–
2018–19	06/18	12/18
2019–20	06/19	10/19
2020–21	08/20	07/20
2021–22	08/21	09/21
2022–23	07/22	05/22
2023–24	07/23	10/23

यह अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा अंकेक्षण को प्रस्तुत की गई सूचनाओं एवं अभिलेख पर आधारित है। संस्था द्वारा किसी भी गलत सूचना के प्रस्तुत करने, किसी सूचना के प्रस्तुत न करने अथवा अपूर्ण सूचना प्रस्तुत करने की अवस्था में इस

अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

3 **अंकेक्षण शुल्कः–**

राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर अवधि 09/2017 से 03/2024 तक के छात्र निधि लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹48000/–** आंका गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

वर्ष	निधियों से प्राप्त आय (₹)	अंकेक्षण शुल्क (₹)
2017–18	–	–
2018–19	331047	8000
2019–20	442171	8000
2020–21	537152	8000
2021–22	663057	8000
2022–23	657359	8000
2023–24	605162	8000
	अंकेक्षण शुल्क (₹)	48000

उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को अंकेक्षण ज्ञापन सं0 16 दिनाँक 05.06.2024 द्वारा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग, कसुम्पटी शिमला–171009 को यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु प्रधानाचार्य से अनुरोध किया गया था।

4 **वित्तीय स्थितिः–**

4.1 राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी स्थित ददाहू, तहसील ददाहू जिला सिरमौर अवधि 09/2017 से 03/2024 तक के छात्र निधि लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–1 से 7** पर भी दिया गया हैः–

वर्ष	आरम्भिक शेष (₹)	छात्र निधि में प्राप्तियां (₹)	अन्य प्राप्तियां (₹)	ब्याज (₹)	कुल आय (₹)	कुल (₹)	व्यय (₹)	अन्त शेष (₹)
2018–19	0	331047	0	1996	**333043**	**333043**	111497	**221546**
2019–20	221546	442171	0	20628	**442171**	**684345**	202915	**481430**
2020–21	481430	537152	7500	20799	**565451**	**1046881**	133488	**913393**
2021–22	913393	663057	2500	14569	**680126**	**1593519**	316294	**1277225**
2022–23	1277225	657359	105847	38599	**801805**	**2079030**	374146	**1704884**
2023–24	1704884	605162	7500	60881	**673543**	**2378427**	484437	**1893990**

4.2 बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–8) :–

विवरण	राशि (₹)
वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष	**1893990**
जमाः ब्याज प्राप्तियां जो रोकड बही में दर्ज नहीं पाई गई	
1. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113620 (दिनांक 31/03/2024)	10345
2. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113628 (दिनांक 31/03/2024)	361
3. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310114907 (दिनांक 31/03/2024)	38
4. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113627 (₹2377 दिनांक 30/06/2023 व ₹2775 दिनांक 31/03/2024)	5152
बैंक अनुसार अन्तशेष	**1909886**
अन्तर	0
दिनांक 31/03/2024 को बैंक अनुसार अन्तशेष का विवरणः–	
1. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113620	1460144
2. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113628	52123
3. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310114907	833
4. हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, ददाहू खाता सं० 55310113627	396786
दिनांक 31/03/2024 को बैंक अनुसार कुल अन्तशेष	**1909886**

5 रोकड़ बही का संधारण उचित प्रकार से न करनाः–

अंकेक्षण के दौरान रोकड़ बही की जांच के दौरान पाया गया कि रोकड़ बही का संधारण उचित प्रकार से नहीं किया गया है। रोकड़ बही पुस्तक में अत्यधिक काट–पीट पाई गई थी। यह महाविद्यालय कार्यालय की लेखांकन प्रणाली में सम्भावित अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी का संकेत देती है। नकद पुस्तक वित्तीय लेन–देन का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है तथा इसमें कोई भी कटिंग्स या परिवर्तन वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता और सटीकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। इस प्रकार की कटिंग्स के कारण, नकद पुस्तक पर विश्वास

स्थापित करना सम्भव नहीं है। इसके लिए, उचित जाँच–पड़ताल और नियंत्रण प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए व कटिंग्स/परिवर्तन को नियन्त्रण अधिकारी से प्रमाणित अथवा सत्यापित करवाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितताओं से बचा जा सके।

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः परामर्श दिया जाता है कि रोकड़ बही का संधारण उचित प्रकार से किए जाने उपरान्त अनुनपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

6 सावधि जमा में निवेश न करने के कारण ब्याज के रूप में ₹1.40 लाख की अतिरिक्त आय से वंचित होनाः–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा कोई भी राशि सावधि जमा में निवेशित नहीं की गई थी जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि महाविद्यालय के पास छात्र निधिं मे समुचित राशि उपलब्ध थी। महाविद्यालय कार्यालय द्वारा प्रस्तुत सुचना अनुसार यदि वित्तीय आवश्यकता के दृष्टिगत निम्न विवरणानुसार 6% ब्याज दर से सावधि जमा में निवेशित किया जाता तो महाविद्यालय को परिपक्वता राशि व ब्याज के रूप में दिनांक 31/03/2024 तक लगभग **₹140378/–** की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती थी।

वर्श	अन्त शेष (₹)	75% अनुपयुक्त राशि (₹)	अपेक्षित ब्याज दर	अपेक्षित ब्याज आय (₹)	प्राप्त ब्याज आय (₹)	अन्तर
2018–19	221546	166160	6%	10196	1996	**8200**
2019–20	460802	345602	6%	21207	20628	**579**
2020–21	913393	685045	6%	42037	20799	**21238**
2021–22	1277225	957919	6%	58781	14569	**44212**
2022–23	1704884	1278663	6%	78463	38599	**39864**
2023–24	1893990	1420493	6%	87166	60881	**26285**
			कुल	**297850**	**157472**	**140378**

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः इस सम्बन्ध में परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में

इतनी बड़ी राशि को बचत खाते में जमा रखने की अपेक्षा छात्र कल्याण की वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अल्प व दीर्घकालिक सावधि जमा में निवेशित करने की सम्भावना को तलाशा जाए, ताकि छात्र कल्याण को प्रभावित किए बिना ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके जिसे छात्र कल्याण के लिए प्रयोग में लाया जा सके। इस सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

7 छात्रों से प्राप्त ₹1.86 लाख की आय "विश्वविद्यालय निधि" का हि.प्र. विश्वविद्यालय के साथ समायोजिन न करना:–

यह निधि हि.प्र. विश्वविद्यालय के पक्ष में छात्रों से पंजीकरण शुल्क/स्थानांतरण शुल्क, अनुवर्ती शुल्क (Continuation Fees), खेलकूद फीस, युवा कल्याण शुल्क, विश्वविद्यालय अवकाश गृह शुल्क व परीक्षा शुल्क के रूप में प्राप्त की जाती हैं जिसे समय–समय पर हि.प्र. विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाता हैं। अंकेक्षण अवधि के दौरान में दिनांक 31.03.2024 को इस निधि का अंतिम शेष **₹186982/–** दर्शाया गया था, साथ ही वित्तीय वर्ष 2020–21 व 2022–23 के दौरान किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं दर्शाया गया था।

अंकेक्षण अवधि के दौरान हि.प्र. विश्वविद्यालय के पक्ष में छात्रों से प्राप्त आय व विश्वविद्यालय को प्रेषित की गई राशि का विवरण निम्न तालिका में दर्ज है–

वर्ष	छात्रों से प्राप्त राशि (₹)	वर्ष के दौरान हि. प्र. विश्वविद्यालय को प्रेषित राशि (₹)	अन्तर (₹)
2018–19	102593	31616	70977
2019–20	67264	31332	35932
2020–21	39863	0	39863
2021–22	46496	84440	.37944
2022–23	32606	0	32606
2023–24	28402	2301	26101
कुल	**317224**	**149689**	**167535**

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनॉंक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः वित्तीय वर्ष 2020–21 व 2022–23 के दौरान हि.प्र.

विश्वविधालय को न किए गए भुगतान को न्यायोचित ठहराया जाए साथ ही वर्तमान में इस राशि को हि.प्र. विश्वविद्यालय के साथ समायोजित किया जाना सुनिश्चित किया जाए व की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

8 छात्रों से विश्वविद्यालय विकास निधि (University Development Fund) के रूप में ₹0.25 लाख की अधिक वसूली करनाः–

राजकीय महाविद्यालय श्री रेणुका जी (ददाहू) के अवधि 09/2017 से 03/2024 तक के छात्र निधियों के अंकेक्षण के दौरान छात्रों पाया गया कि शैक्षणिक सत्र 2018–19 के दौरान छात्रों से विश्वविद्यालय विकास निधि (University Development Fund) की अधिक वसूली की गई है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पत्र सं0 6–25/2013–HPU(Acad) दिनांक 11/07/2016 द्वारा विश्वविद्यालय विकास निधि (University Development Fund) की दरें निर्धारित की गई है। छात्रों से अधिक वसूल की गई राशि का विवरण निम्न तालिका में वर्णित है–

क्रमांक संख्या	रसीद संख्या	छात्रों की संख्या	वसूल की गई दर (₹)	वसूली की अपेक्षित दर (₹)	प्राप्त राशि (₹)	अपेक्षित प्राप्ति (₹)	अधिक वसूली (₹)
1.	1	1	500	250	500	250	250
2.	2 से 4	3	250	100	750	300	450
3.	5 से 23	19	500	250	9500	4750	4750
4.	24	1	250	100	250	100	150
5.	25 से 36	12	500	250	6000	3000	3000
6.	37	1	250	100	250	100	150
7.	38 से 43	6	500	250	3000	1500	1500
8.	44	1	250	100	250	100	150
9.	45 से 47	3	500	250	1500	750	750
10.	48 व 49	2	250	100	500	200	300
11.	50 से 68	19	500	250	9500	4750	4750
12.	69	1	250	100	250	100	150
13.	70 से 79	10	500	250	5000	2500	2500
14.	80 व 81	2	250	100	500	200	300

15.	82	1	500	250	500	250	250
16.	83	1	250	100	250	100	150
17.	84	1	500	250	500	250	250
18.	85	1	250	100	250	100	150
19.	86 से 89	4	500	250	2000	1000	1000
20.	90	1	250	100	250	100	150
21.	91 से 93	3	500	250	1500	750	750
22.	94	1	250	100	250	100	150
23.	95 से 104	10	500	250	5000	2500	2500
	कुल अधिक प्राप्ति						**24500**

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 7 दिनाँक 18.05.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः वर्णित अनियमितता का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से अनियमित रूप से एकत्रित निधि का उचित समाधान/उपयोग करने के साथ–2 भविष्य हेतु सुझाव दिया जाता हे कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अध्यादेश व सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार ही निधियों की वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

9 ₹0.76 लाख पुस्तकालय प्रतिभूति राशि को जब्त न करनाः–

पुस्तकालय प्रतिभूति निधि की जाँच करने पर पाया गया कि दिनांक 31.3.2024 को ₹76334/– की राशि जमा थी। परन्तु कॉलेज प्रशासन द्वारा पुस्तकालय प्रतिभूति रजिस्टर तैयार न किए जाने के परिणाम स्वरूप यह मालूम नहीं किया जा सका कि उक्त निधि में जमा राशि, किन–किन छात्रों द्वारा जमा करवाई गई थी या वर्षवार जमा राशि की क्या स्थिति थी? पुस्तकालय प्रतिभूति रजिस्टर तैयार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है, क्योकि निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्याः ईडीएन–एच(8)बी(4)28/08–बजट–लिब., दिनांक 26.3.2009 के अनुसार यदि कोई छात्र कॉलेज छोड़ने के दो वर्षों के भीतर पुस्तकालय प्रतिभूति की राशि वापिस लेने हेतु आवेदन न करने की अवस्था में पुस्तकालय प्रतिभूति की राशि को जब्त करने का प्रावधान है तथा जब्त राशि का प्रयोग कालेज पुस्तकालय के विकास के लिए किया जाना अपेक्षित था। परन्तु राजकीय महाविद्यालय रेणुका स्थित ददाहू द्वारा पुस्तकालय

प्रतिभूति निधि का रजिस्टर तैयार न किए जाने के कारण यह जाँच नहीं की जा सकी कि किस–किस छात्र की पुस्तकालय प्रतिभूति जब्त की जानी थी।

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनॉक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः पुस्तकालय प्रतिभूति निधि का रजिस्टर तैयार न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा पुस्तकालय प्रतिभूति रजिस्टर का अनुरक्षण करके नियामानुसार पुस्तकालय प्रतिभूति राशि जब्त की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

10 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं उचित प्रकार से पूर्ण किए बिना ₹0.54 लाख की सामग्री का क्रय करना

अंकेक्षण के दौरान व्यय सम्बन्धी वाउचर्स की पड़ताल करने पर पाया गया कि निम्न वर्णित प्रकरणों में निविदाएं तो आमंत्रित की गई थी परन्तु सम्बन्धी औपचारिकताओं को हि0प्र0 वित्त नियमावली 2009 के नियम 94 से 98 में दिए प्रावधानों के अनुसार उचित प्रकार से पूर्ण किए बिना निम्न तालिका अनुसार ₹53581/– में सामग्री का क्रय किया गया था।

क्रम संख्या	निधि का नाम	बिल सं/ आपूर्तिकर्ता	सामग्री एंव दर	राशि (₹)	अंकेक्षण टिप्पणी
1	मिश्रित निधि	मै॰ डी॰ए॰ स्पोर्ट्स एंड रॉयल स्टुडियो, ददाहू	1. 4 कोट/ 2000 प्रति कोट 2. 11 बैज/ 30 प्रति बैज 3. 10 नेम प्लेट/ 60 प्रति प्लेट जी॰एस॰टी 5% अतिरिक्त	9376	1. महाविद्यालय कार्यालय द्वारा पत्र सं0 दिनांक 17/10/23 द्वारा निविदाएं अमंत्रित की गई थी तथा मै० नोनी स्पोटर्स इन्डस्ट्रीस, अम्बाला कैंट द्वारा प्रेषित निविदाएं डायरी सं० 96 दिनांक 20/10/23 के लिफाफे पर न तो पित कोड अंकित था तथा न ही किसी भी पोस्ट ऑफिस की मोहर अंकित है। अतः सह स्पष्ट किया जाए यह निविदाएं कार्यालय में

					प्राप्त कैसे की गई है। 2. प्राप्त निविदाओं तथा तुलनात्मक विवरणी को क्रय समिती द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
2	खेलकूद निधि	111 / 03–10–23 / मै• डी•ए• स्पोर्ट्स एंड रॉयल स्टुडियो, ददाहू	खेलकूद सामग्री– 2 वालीबाल, 2 बास्केटबाल, बैट, आदि	25406	प्राप्त निविदाओं तथा तुलनात्मक विवरणी को क्रय समिती द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
3	खेलकूद निधि	32 / 05–09–22 / मै0 मुकेश, ददाहू	खेलकूद सामग्री– 4 वालीबाल, 1 बास्केटबाल, शटल बाक्स, आदि	6328	प्राप्त निविदाओं तथा तुलनात्मक विवरणी को क्रय समिती द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
4	खेलकूद निधि	422 / 16–10–21 / यश स्पोर्टस कॉरनर	खेलकूद सामग्री– 4 बैडमिन्टन रैकेट, 2 वालीबाल, 4 बास्केटबाल, नेट, आदि	8904	प्राप्त निविदाओं तथा तुलनात्मक विवरणी को क्रय समिती द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
5	खेलकूद निधि	884 / 04–09–19 / यश स्पोर्टस कॉरनर	खेलकूद सामग्री– 2 वालीबाल, 1 बास्केटबाल, आदि	3567	प्राप्त निविदाओं तथा तुलनात्मक विवरणी को क्रय समिती द्वारा हस्ताक्षरित नहीं किया गया है।
			कुल भुगतान	**53581**	

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 15 दिनाँक 05.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः अब नियमानुसार सक्षम उच्चाधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति लेकर इस अनियमित व्यय को नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों का न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

11 नियमानुसार निविदाएं एकत्र न करके किया गया ₹0.13 लाख की राशि का अनियमित व्यय :–

हि॰ प्र॰ वित्तीय नियम 2009 के नियम 97 के अनुसार ₹3000/– से अधिक व्यय को करने से पूर्व निविदाएं आमन्त्रित करना आवश्यक है परन्तु महाविद्यालय द्वारा इस नियम की अनुपालना नहीं की जा रही थी तथा छात्र निधि लेखों की नमूना अंकेक्षण जांच में पाया गया कि निम्न तालिका में वर्णित प्रकरणों में राशि **₹13475/–** की सामग्री का क्रय उक्त नियमों की अनुपालना किए बिना किया गया था।

क्रम संख्या	निधि का नाम	बिल सं0/ आपूर्तिकर्ता	सामग्री एंव दर	राशि (₹)
1	मिश्रित निधि	1471/02–10–19/ फर्स्ट लुक, सोलन	1.4 ब्लू कोट/ 1300 प्रति कोट 2.9 चेस्ट प्लेट/ 75 प्रति प्लेट	5875
2	मिश्रित निधि	अपाठ्य/ पवन स्वीट शॉप	1. 15 कि0ग्रा बेसन बर्फी/ 200 प्रति कि0ग्रा0 2. 15 कि0ग्रा0 मोतीचूर लड्डू/ 140 प्रति कि0ग्रा 3. 250 समोसे/ 10 प्रति समोसा	7600
			कुल भुगतान	**13475**

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 15 दिनाँक 05.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः अब नियमानुसार सक्षम उच्चाधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति लेकर इस अनियमित व्यय को नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों का न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

12 नियमों की अवहेलना करके विभाजित अंशों में ₹0.03 लाख का क्रय करना:–

हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम, 2009 के नियम 100 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी से बचने के लिए, सामग्री की खरीद छोटी मात्रा में विभाजित करके अंशों में खरीदारी नहीं की जाएगी। अंकेक्षण के दौरान व्यय वाउचर्स की पडताल करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के विवरणानुसार उक्त नियम की अवहेलना करके विभाजित अंशों में ₹3160/–का क्रय किया गया था।

क्रम संख्या	निधि का नाम	आपूर्तिकर्ता	बिल सं0/दिनांक	सामग्री एंव दर	राशि (₹)
1	मिश्रित निधि	रोशन लाल महेश कुमार, ददाहू	188/ 22–09–18	जी•आई• पाईप, जी•आई• ऐल्बो, वेस्ट पाईप, आदि	1826
			189/ 22–09–18	सूत, नलका, आदि	1334
			कुल भुगतान		**3160**

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 15 दिनाँक 05.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः अब नियमानुसार सक्षम उच्चाधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति लेकर इस अनियमित व्यय को नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों का न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

13 छात्र निधियों से ₹0.01 लाख का अनियमित व्यय :–

अंकेक्षण के दौरान पाया गया है कि महाविद्यालय द्वारा निम्न तालिका में दिये विवरणानुसार व्यय प्रधानाचार्य की व्यय स्वीकृति के आधार पर किया गया। जबकि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम के नियम 42.2 में दिये प्रावधानों के अनुसार महाविद्यालय का

प्रधानाचार्य इस प्रकार के व्यय की स्वीकृति देने हेतु सक्षम नहीं है। इस कारण निम्न तालिका के विवरणानुसार ₹1420/—का अनियमित भुगतान किया गया था।

क्र0सं0	निधि	व्यय राशि (₹)	व्यय का उद्देश्य
1	मिश्रित निधि	1180	नैक (NAAC) बंगलौर को पंजीकरण/निरीक्षण शुल्क का भुगतान।
2	मिश्रित निधि	240	सहायक अभियंता, विद्युत उप मण्डल ददाहू को ऐ•सी•डी• हेतु भुगतान।
	कुल भुगतान	**1420**	

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 15 दिनाँक 05.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः मिश्रित निधि से अनियमित व अनुचित रूप से भुगतान का या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके मिश्रित निधि में जमा करवाया जाए तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

14 छात्र निधि में प्राप्त राशि का पूर्ण उपयोग न करना :—

अंकेक्षण के दौरान पाया गया है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम के नियम 42.2 में दिये प्रावधानों के अनुसार महाविद्यालय द्वारा प्राप्त छात्र निधियों का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है। यह धनराशि विभिन्न शैक्षणिक और सह—शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एकत्रित की गई थी, लेकिन निर्धारित उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप, छात्रों को वे सुविधाएं और लाभ नहीं मिल पाई होगी, जिनके लिए यह छात्र निधि एकत्रित की गई थी। अंकेक्षण अवधि के दौरान उपयोग हेतु उपलब्ध कुल राशि में से वास्तविक व्यय के प्रतिशत का विवरण निम्न तालिका में दर्ज है–

वर्ष	उपयोग हेतु उपलब्ध कुल राशि (₹)	वर्ष के दौरान व्यय (₹)	व्यय प्रतिशत
2018—19	333043	111497	33.48
2019—20	663717	202915	30.57

2020–21	1046881	133488	12.75
2021–22	1593519	316294	19.85
2022–23	2079030	374146	18
2023–24	2378427	484437	20.37

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः या तो छात्र निधियों का कम व्यय किए जाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा भविष्य में आवश्यकता अनुसार निर्धारित उद्देश्यों के लिए छात्र निधियों का पूर्ण उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

15 अस्थाई अग्रिमों के रजिस्टर का अनुरक्षण न करना :–

नमूना अंकेक्षण जांच में पाया गया है कि महाविद्यालय अस्थाई अग्रिम राशियों का आहरण किया गया है। परन्तु इन अग्रिमों के समायोजन अथवा प्रतिपूर्ती पर प्रबन्धकीय नियन्त्रण रखने हेतु किसी प्रकार का संकलित ब्यौरा/रजिस्टर अनुरक्षित नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार के संकलित अभिलेख का अनुरक्षण न करना एक गम्भीर अनियमितता है।

अस्थाई अग्रिमों के लेखांकन हेतु सुझाया गया अस्थाई अग्रिम रजिस्टर का सम्भावित प्रारूपः–

अस्थाई अग्रिम आहरण का विवरण								**अस्थाई अग्रिम समायोजन का विवरण**				
क्रम संख्या	दिनांक	वाउचर	रोकड़ बही पृष्ठ	आहरण कर्ता	व्यय उद्देश्य	राशि	आहरण व वितरण अधिकारी के	दिनांक	वाउचर	रोकड़ बही पृष्ठ	आहरण व वितरण अधिकारी के	हस्ताक्षर

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः इस सन्दर्भ में उचित स्पष्टीकरण सहित भविष्य हेतु निम्न नियमानुसार इस अभिलेख को तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

16 पत्रिका निधि वसूली के उपरान्त भी पत्रिका का प्रकाशन न करना :–

अंकेक्षणावधि के दौरान महाविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष छात्रों से ₹50/– प्रति छात्र की दर से पत्रिका निधि की वसूली की गई थी। इस निधि को स्थापित करने का मूल उद्देश्य छात्रों में कलात्मक अभिरूचियों का विकास करना है परन्तु महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018–19 से 2023–24 में पत्रिका का प्रकाशन नहीं किया गया जिससे निधि प्राप्ति का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो सका।

इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः पत्रिका निधि को वसूल करके पत्रिका प्रकाशित न करने बारे औचित्य स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमित रूप से पत्रिका प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

17 अखबार/पत्रिका रददी की नीलामी न करने बारे:–

अंकेक्षण के दौरान जांच में पाया गया कि पुस्तकालय निधि से अखबारों व मैगजीन की खरीद नियमित रूप से की जा रही है। अभिलेखों की पड़ताल पर पाया गया कि अखबार रददी की नीलामी नहीं की गई थी। इस बारे महाविद्यालय प्रधानाचार्य से अंकेक्षण ज्ञापन सं0 14 दिनाँक 03.06.2024 जारी करके वस्तुस्थिति से अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक भी कोई उत्तर प्राप्त नही हुआ। अतः अखबार रद्दी की नीलामी न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये व रददी की नीलामी अतिशीघ्र करके इससे प्राप्त आय को मिश्रित निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

18 **लघु आपति विवरणिका** :— लघु आपत्तियों का मौके पर ही निपटारा करके विवरणिका को अलग से जारी नहीं किया गया है।

19 **निष्कर्ष** :— महाविद्यालय के लेखों के रख रखाव में उक्त अनुच्छेदों/पैरों में वर्णित आपत्तियों के अनुसार सुधार की नितान्त आवश्यकता है।

13 SEP 2024

(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला—171009
फोन नं० 0177—2620881

4539 - 4541 का०/प्रा०

पृष्ठांकन संख्याः— फिन(एल०ए०)एच(2)सी(15) xi (x)151/2024 खण्ड—1 दिनांक शिमला —09

प्रतिलिपिः— निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1 निदेशक (उच्चत्तर शिक्षा) शिक्षा विभाग, हि०प्र० शिमला —171001.

2 उप सचिव एवं समिति अधिकारी स्थानीय निधि लेखा समिति हि०प्र० विधानसभा शिमला—4 को सूचनार्थ प्रेषित है।

पंजीकृत 3 प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय रेणुका जी स्थित ददाहू, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उतर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

13 SEP 2024

(अनिल कुमार मेहरा)
उप निदेशक
हि०प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग
शिमला—171009
फोन नं० 0177—2620881

का०/प्रा०

'परिशिष्ट - 1'

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2018-19

Sr No.	Fund	*Opening Balance*	*Income from Funds*	*Other Receipts in the Fund*	Interest Income	*Total Annual Income*	*Grand Total*	*Expenditure for the year*	*Closing Balance*
1	Amalgamated Fund	0	44200	0	149	44349	44349	28682	15667
2	Computer & Internet Fund	0	2860	0	26	2886	2886	0	2886
3	Sports Fund	0	32880	0	154	33034	33034	0	33034
4	Student Aid Fund	0	286	0	2	288	288	0	288
5	Medical Aid Fund	0	858	0	8	866	866	0	866
6	Scout & Guide Fund	0	8220	0	38	8258	8258	0	8258
7	Red Cross Fund	0	5720	0	51	5771	5771	0	5771
8	Practical Fees	0	0	0		0	0	0	0
9	Library Security	0	14300	0	128	14428	14428	0	14428
10	College Magazine	0	7150	0	64	7214	7214	0	7214
11	House Exam Fund	0	10960	0	51	11011	11011	8792	2219
12	NCC Fund	0	715	0	6	721	721	0	721
13	Campus Development Fund	0	1430	0	13	1443	1443	0	1443
14	Culture Activity Fund	0	2860	0	26	2886	2886	0	2886
15	Furniture Replacement Fund	0	1430	0	13	1443	1443	0	1443
16	Book Replacement Fund	0	3575	0	32	3607	3607	0	3607
17	University Fund	0	102593	0	919	103512	103512	31616	71896
18	Identity Card Fund	0	1430	0	13	1443	1443	0	1443
19	Fine Fund	0	3446	0	0	3446	3446	0	3446
20	PTA Fund	0	67600	0	303	67903	67903	36523	31380
21	Building Fund	0	18534	0	0	18534	18534	5884	12650
22	Road Safety and other Misc. Funds	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	0	331047	0	1996	333043	333043	111497	221546

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadahu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2019-20

Sr No.	Fund	Opening Balance	Income from Funds	Other Receipts in the Fund	Interest Income	Total Annual Income	Grand Total	Expenditure for the year	Closing Balance
1	Amalgamated Fund	15667	79900	0	2103	82003	97670	41925	55745
2	Computer & Internet Fund	2886	4860	0	321	5181	8067	0	8067
3	Sports Fund	33034	54000	0	3065	57065	90099	5381	84718
4	Student Aid Fund	288	486	0	33	519	807	0	807
5	Medical Aid Fund	866	1458	0	96	1554	2420	0	2420
6	Scout & Guide Fund	8258	13500	0	812	14312	22570	0	22570
7	Red Cross Fund	5771	9720	0	641	10361	16132	0	16132
8	Practical Fees	0	0	0	0	0	0	0	0
9	Library Security	14428	12600	0	1213	13813	28241	0	28241
10	College Magazine	7214	12150	0	802	12952	20166	0	20166
11	House Exam Fund	2219	18000	0	523	18523	20742	4326	16416
12	NCC Fund	721	2430	0	120	2550	3271	0	3271
13	Campus Development Fund	1443	2430	0	160	2590	4033	0	4033
14	Culture Activity Fund	2886	4860	0	321	5181	8067	0	8067
15	Furniture Replacement Fund	1443	2430	0	160	2590	4033	0	4033
16	Book Replacement Fund	3607	6075	0	400	6475	10082	0	10082
17	University Fund	71896	67264	0	5571	72835	144731	31332	113399
18	Identity Card Fund	1443	2455	0	160	2615	4058	0	4058
19	Fine Fund	3446	9603	0	409	10012	13458	0	13458
20	PTA Fund	31380	110950	0	2836	113786	145166	80026	65140
21	Building Fund	12650	27000	0	882	27882	40532	39925	607
22	Road Safety and other Misc. Funds	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	**221546**	**442171**	**0**	**20628**	**462799**	**684345**	**202915**	**481430**

(परिशिष्ट - 3)

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2020-21

Sr No.	Fund	*Opening Balance*	*Income from Funds*	*Other Receipts in the Fund*	Interest Income	*Total Annual Income*	*Grand Total*	*Expenditure for the year*	*Closing Balance*
1	Amalgamated Fund	55745	101790	7500	3513	112803	168548	20272	148276
2	Computer & Internet Fund	8067	6260	0	229	6489	14556	0	14556
3	Sports Fund	84718	73440	0	3637	77077	161795	0	161795
4	Student Aid Fund	807	626	0	37	663	1470	0	1470
5	Medical Aid Fund	2420	1878	0	110	1988	4408	0	4408
6	Scout & Guide Fund	22570	18360	0	946	19306	41876	0	41876
7	Red Cross Fund	16132	12520	0	733	13253	29385	0	29385
8	Practical Fees	0	0	0	0	0	0	0	0
9	Library Security	28241	11800	0	1018	12818	41059	0	41059
10	College Magazine	20166	15650	0	916	16566	36732	0	36732
11	House Exam Fund	16416	24480	0	746	25226	41642	2870	38772
12	NCC Fund	3271	3130	0	163	3293	6564	0	6564
13	Campus Development Fund	4033	3130	0	183	3313	7346	0	7346
14	Culture Activity Fund	8067	6260	0	365	6625	14692	0	14692
15	Furniture Replacement Fund	4033	3130	0	182	3312	7345	0	7345
16	Book Replacement Fund	10082	7825	0	458	8283	18365	0	18365
17	University Fund	113399	39863	0	3924	43787	157186	2051	155135
18	Identity Card Fund	4058	3130	0	183	3313	7371	0	7371
19	Fine Fund	13458	190	0	352	542	14000	0	14000
20	PTA Fund	65140	145250	0	2635	147885	213025	86575	126450
21	Building Fund	607	58440	0	469	58909	59516	21720	37796
22	Road Safety and other Misc. Funds	0	0	0	0	0	0	0	0
	Total	**481430**	**537152**	**7500**	**20799**	**565451**	**1046881**	**133488**	**913393**

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadahu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2021-22

Sr No.	Fund	Opening Balance	Income from Funds	Other Receipts in the Fund	Interest Income	Total Annual Income	Grand Total	Expenditure for the year	Closing Balance
1	Amalgamated Fund	148276	115900	2500	2587	120987	269263	57651	211612
2	Computer & Internet Fund	14556	6940	0	282	7222	21778	0	21778
3	Sports Fund	161795	81600	0	2671	84271	246066	8904	237162
4	Student Aid Fund	1470	694	0	28	722	2192	0	2192
5	Medical Aid Fund	4408	2082	0	85	2167	6575	0	6575
6	Scout & Guide Fund	41876	20400	0	687	21087	62963	0	62963
7	Red Cross Fund	29385	13880	0	578	14458	43843	0	43843
8	Practical Fees	0	0	0	0	0	0	0	0
9	Library Security	41059	14300	0	725	15025	56084	1800	54284
10	College Magazine	36732	17350	0	710	18060	54792	0	54792
11	House Exam Fund	38772	27200	0	691	27891	66663	7000	59663
12	NCC Fund	6564	3470	0	132	3602	10166	0	10166
13	Campus Development Fund	7346	3470	0	142	3612	10958	0	10958
14	Culture Activity Fund	14692	6940	0	284	7224	21916	0	21916
15	Furniture Replacement Fund	7345	3470	0	142	3612	10957	0	10957
16	Book Replacement Fund	18365	8675	0	355	9030	27395	0	27395
17	University Fund	155135	46496	0	1580	48076	203211	84440	118771
18	Identity Card Fund	7371	3470	0	142	3612	10983	0	10983
19	Fine Fund	14000	800	0	193	993	14993	0	14993
20	PTA Fund	126450	220120	0	1882	222002	348452	105129	243323
21	Building Fund	37796	40800	0	562	41362	79158	26370	52788
22	Road Safety and other Misc. Funds	0	25000	0	111	25111	25111	25000	111
	Total	**913393**	**663057**	**2500**	**14569**	**680126**	**1593519**	**316294**	**1277225**

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadhu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2022-23

Sr No.	Fund	*Opening Balance*	*Income from Funds*	*Other Receipts in the Fund*	Interest Income	*Total Annual Income*	*Grand Total*	*Expenditure for the year*	*Closing Balance*
1	Amalgamated Fund	*211612*	*101100*	*105847*	6224	*213171*	*424783*	*147708*	*277075*
2	Computer & Internet Fund	*21778*	*6120*	*0*	690	*6810*	*28588*	*0*	*28588*
3	Sports Fund	*237162*	*67560*	*0*	7135	*74695*	*311857*	*6328*	*305529*
4	Student Aid Fund	*2192*	*610*	*0*	70	*680*	*2872*	*0*	*2872*
5	Medical Aid Fund	*6575*	*1830*	*0*	209	*2039*	*8614*	*0*	*8614*
6	Scout & Guide Fund	*62963*	*16890*	*0*	1887	*18777*	*81740*	*0*	*81740*
7	Red Cross Fund	*43843*	*12240*	*0*	1388	*13628*	*57471*	*0*	*57471*
8	Practical Fees	*0*	*0*	*0*	0	*0*	*0*	*0*	*0*
9	Library Security	*54284*	*9800*	*0*	1649	*11449*	*65733*	*0*	*65733*
10	College Magazine	*54792*	*15380*	*0*	1735	*17115*	*71907*	*0*	*71907*
11	House Exam Fund	*59663*	*22440*	*0*	1833	*24273*	*83936*	*7170*	*76766*
12	NCC Fund	*10166*	*3060*	*0*	324	*3384*	*13550*	*0*	*13550*
13	Campus Development Fund	*10958*	*3060*	*0*	347	*3407*	*14365*	*0*	*14365*
14	Culture Activity Fund	*21916*	*6120*	*0*	694	*6814*	*28730*	*0*	*28730*
15	Furniture Replacement Fund	*10957*	*3060*	*0*	346	*3406*	*14363*	*0*	*14363*
16	Book Replacement Fund	*27395*	*7650*	*0*	867	*8517*	*35912*	*0*	*35912*
17	University Fund	*118771*	*32606*	*0*	3754	*36360*	*155131*	*0*	*155131*
18	Identity Card Fund	*10983*	*3060*	*0*	301	*3361*	*14344*	*3500*	*10844*
19	Fine Fund	*14993*	*5943*	*0*	501	*6444*	*21437*	*0*	*21437*
20	PTA Fund	*243323*	*178650*	*0*	6919	*185569*	*428892*	*69442*	*359450*
21	Building Fund	*52788*	*35180*	*0*	1429	*36609*	*89397*	*14998*	*74399*
22	Road Safety and other Misc. Funds	*111*	*125000*	*0*	297	*125297*	*125408*	*125000*	*408*
	Monthly Total	**1277225**	**657359**	**105847**	**38599**	**801805**	**2079030**	**374146**	**1704884**

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadahu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214

परिशिष्ट- 6.

Students Fund wise Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu for the year 2023-24

Sr No.	Fund	*Opening Balance*	*Income from Funds*	*Other Receipts in the Fund*	Interest Income	*Total Annual Income*	*Grand Total*	*Expenditure for the year*	*Closing Balance*
1	**Amalgamated Fund**	277075	84710	7500	10537	102747	379822	48920	330902
2	**Computer & Internet Fund**	28588	4840	0	1063	5903	34491	15	34476
3	**Sports Fund**	305529	58080	0	11255	69335	374864	29160	345704
4	**Student Aid Fund**	2872	484	0	106	590	3462	2	3460
5	**Medical Aid Fund**	8614	1452	0	320	1772	10386	4	10382
6	**Scout & Guide Fund**	81740	14520	0	3045	17565	99305	49325	49980
7	**Red Cross Fund**	57471	9680	0	2134	11814	69285	30	69255
8	**Practical Fees**	0	180	0	2	182	182	0	182
9	**Library Security**	65733	8200	0	2401	10601	76334	0	76334
10	**College Magazine**	71907	12100	0	2668	14768	86675	38	86637
11	**House Exam Fund**	76766	19360	0	2939	22299	99065	9475	89590
12	**NCC Fund**	13550	2420	0	506	2926	16476	8	16468
13	**Campus Development Fund**	14365	2420	0	534	2954	17319	8	17311
14	**Culture Activity Fund**	28730	4840	0	1066	5906	34636	15	34621
15	**Furniture Replacement Fund**	14363	2420	0	534	2954	17317	8	17309
16	**Book Replacement Fund**	35912	6050	0	1334	7384	43296	19	43277
17	**University Fund**	155131	28402	0	5759	34161	189292	2310	186982
18	**Identity Card Fund**	10844	2420	0	360	2780	13624	3600	10024
19	**Fine Fund**	21437	4627	0	841	5468	26905	0	26905
20	**PTA Fund**	359450	165000	0	10557	175557	535007	143373	391634
21	**Building Fund**	74399	34040	0	2533	36573	110972	59210	51762
22	**Road Safety and other Misc. Funds**	408	138917	0	387	139304	139712	138917	795
	Monthly Total	**1704884**	**605162**	**7500**	**60881**	**673543**	**2378427**	**484437**	**1893990**

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadhu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214

परिशिष्ट -7.

Students Fund Consolidated Financial Position of GDC, Renuka JI at Dadhu

Year	Opening Balance	Income from Funds	Other Receipts in the Fund	Interest Income	Total Annual Income	Grand Total	Expenditure for the year	Closing Balance
2018-19	0	331047	0	1996	**333043**	**333043**	111497	**221546**
2019-20	221546	442171	0	20628	**462799**	**684345**	202915	**481430**
2020-21	481430	537152	7500	20799	**565451**	**1046881**	133488	**913393**
2021-22	913393	663057	2500	14569	**680126**	**1593519**	316294	**1277225**
2022-23	1277225	657359	105847	38599	**801805**	**2079030**	374146	**1704884**
2023-24	1704884	605162	7500	60881	**673543**	**2378427**	484437	**1893990**

Bank reconciliation Statement of GDC, Renuka JI at Dadhu as on 31/03/2024

Particular	Amount (₹)
Closing Balance as per Financial Position	**1893990**
Add: Interest Received in Following Banks not entered in Cash Book	
1. HPSCB A/c No. 55310113620 (Dated 31/03/2024)	10345
2. HPSCB A/c No. 55310113628 (Dated 31/03/2024)	361
3. HPSCB A/c No. 55310114907 (Dated 31/03/2024)	38
4. HPSCB A/c No. 55310113627 (₹2377 Dated 30/06/2023 & ₹2775 Dated 31/03/2024)	5152
Closing Balance as per Bank	**1909886**
Closing Balance as on 31/03/2024 as per Bank Accounts (Detail Given Below)	
1. Closing Balance as per HPSCB A/c No. 55310113620	1460144
2. Closing Balance as per HPSCB A/c No. 55310113628	52123
3. Closing Balance as per HPSCB A/c No. 55310114907	833
4. Closing Balance as per HPSCB A/c No. 55310113627	396786
Total Closing Balance as per Bank	**1909886**

Principal
Govt. Degree College
Shri Renuka Ji at Dadahu
District Sirmour (H P)
DDO Code 214